2021/25

2021/26

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — **बनाम** — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री गोवर्धन अग्रवाल पुत्र श्री सुरेन्द्र अग्रवाल
जाति अग्रवाल
निवासी 179, पत्थर गली, आबूरोड़
जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
पंजीयन व मुद्रांक विभाग
उपपंजीयन कार्यालय आबूरोड़

किस्म मुकदमा– अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005

मुकदमा नं. 13 वर्ष 2021

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
08.02.2021	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेसपोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी पंजीयन व मुद्रांक विभाग उपपंजीयन कार्यालय आबूरोड़ को दिनॉक 14.12.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि सेल डीड नम्बर 2013001191 के सम्बन्ध में मुकदमा संख्या 589/2019 की जो उपपंजीयन कार्यालय आबूरोड़ द्वारा पाली उपमहानिरीक्षक के पंजीयन व मुद्रांक विभाग को भिजवाई गई फाईल की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी पंजीयन व मुद्रांक विभाग उपपंजीयन कार्यालय आबूरोड़ को दिनॉक 14.12.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि सेल डीड नम्बर 2013001191 के सम्बन्ध में मुकदमा संख्या 589/2019 की जो उपपंजीयन कार्यालय आबूरोड़ द्वारा पाली उपमहानिरीक्षक के पंजीयन व मुद्रांक विभाग को भिजवाई गई फाईल की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। चूंकि पंजीयन व मुद्रांक विभाग उपपंजीयन कार्यालय आबूरोड के अपील अधिकारी जिला कलक्टर सिरोही नहीं है। अतः अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । (भगवती प्रसाद कलाल) जिला कलक्टर, सिरोही	

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal
Date: 2021.05.12 16:43:54 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner